# 75th Anniversary of Diplomatic Relations between India and Mauritius

India and Mauritius share a longstanding bilateral relationship that spans several decades. While formal diplomatic relations began 75 years ago in 1948, the arrival of Indians in Mauritius dates back to the early 18th century, when Indian artisans and masons were brought to Mauritius under French Colonial rule.

In the 19th and early 20th century, about half a million Indian indentured workers were brought to Mauritius under British rule, out of which, about two-thirds settled down in Mauritius. The first batch of 36 indentured workers arrived in Mauritius on 2nd November 1834 and 2nd November is now celebrated every year as *'Aapravasi Diwas'.*

Mahatma Gandhi visited Mauritius in 1901 and exhorted Indian workers to educate themselves and become politically empowered. During the struggle for independence from British rule, Indian and Mauritian leaders were in regular contact. Soon after India became independent, India deputed Shri Dharam Yash Dev as the first Indian Commissioner to Mauritius in September 1948. The spirit of Indian nationalism became a source of inspiration for Mauritius and when Mauritius became independent 20 years later, India's diplomatic representation was upgraded to a High Commission. There have been 27 Commissioners/High Commissioners of India to Mauritius in the last 75 years. In a lasting tribute to these close ties, 12th March, the date on which Gandhiji began his *Dandi March*, was chosen as the Mauritian Independence Day.

Since independence, both India and Mauritius have been walking hand-in-hand in their journey of nation building, economic growth and development. From being a low-income, monocrop economy, Mauritius has emerged as a beacon of democracy, pluralism and prosperity. The bonds between the two countries have grown stronger over the decades with close cooperation in maritime security, development partnership, capacity-building, culture, people-to-people ties, and cooperation in international fora.

The close bonds between India and Mauritius are evident in the numerous India-assisted development projects that dot the Mauritian landscape, such as the Metro Express, the Social Housing Project, the Cyber Tower, the ENT Hospital, the new Supreme Court building; Jawaharlal Nehru Hospital, Rabindranath Tagore Institute, Upadhyay Training Centre, Swami Vivekananda Conference Centre, etc. New projects like Civil Services College, Police Academy, Forensic Sciences Laboratory, the National Library & Archives, the 8MW Solar Power Project, continue to contribute to Mauritius' economic and social development. Mauritius is also one of the largest beneficiaries of the Indian Technical and Economic Cooperation (ITEC) capacity building programme, with more than 365 Mauritians trained every year in India.

The two countries have traditionally enjoyed close economic ties. Mauritius has been a top source of Foreign Direct Investment into India, while India has been one of Mauritius' top trade partners. To further boost economic exchanges, the two countries signed the Comprehensive Economic Cooperation and Partnership Agreement (CECPA) in 2021, which is India's first such trade agreement with any African country. With this, Mauritius stands uniquely poised to attract Indian investment and serve as a gateway for investments into Africa.

Indian music, dance, and cuisine are an integral part of Mauritian culture. Hindi is also widely spoken in Mauritius, and Bollywood movies have a significant following. The enduring cultural and people-to-people ties between India and Mauritius are nurtured by the Indira Gandhi Centre for Indian Culture (India's largest cultural center abroad) and the World Hindi Secretariat, a bilateral organization set up in Mauritius to promote Hindi globally. The Government of India has also helped set up the Mahatma Gandhi Institute in Mauritius, which is dedicated to promoting Indian culture and language as well as the Rajiv Gandhi Science Centre to promote Science.

People-to-people exchanges are at the heart of India-Mauritius bilateral relations. Several thousand Mauritians visit India every year for tourism, shopping and medical treatment. Likewise, Mauritius is a popular destination for Indian tourists, with its pristine beaches and luxury resorts. Over 500 scholarships were provided to Mauritian students to study in Indian universities last year, and there are several Indian educational institutions operating in Mauritius. Through initiatives such as the *'Know India Programme'* and the *'NCC Youth Exchange Programme',* there is an ongoing effort to establish a connect between the younger generations of both countries.

Reflecting the special bilateral relationship between the two countries, Mauritius has been invited as a 'Guest Country' to participate in the G20 Summit during India's G20 Presidency, starting from 01 December 2022. With several new partnership initiatives and development projects in the pipeline, Mauritius-India relations are set to further strengthen in the years to come. The joint issue of this postage stamp to mark 75 years of diplomatic relations is a testament to the strong ties between India and Mauritius and a symbol of their enduring friendship.

The Mauritius Kestrel, *Falco punctatus*, was declared as the National Bird of Mauritius on the occasion of the 30th Anniversary of the Republic of Mauritius on 12 March 2022. An endangered species, the Mauritius Kestrel is endemic to the island of Mauritius. It usually nests in natural cavities on cliffs, ravines and trees in the south-eastern and south western regions of the island. The upper part of the Kestrel's plumage is brown with black barring, while the under part is white with dark spots.

The 'Mauritius Kestrel Recovery Programme' being implemented since 1973, under which, Kestrel chicks have been hand reared and successfully translocated to endemic regions of Mauritius , is hailed today as one of the world's most successful initiatives to save a bird species from extinction.

The Indian peacock, *Pavo cristatus*, is a colourful, swan-sized bird, with a fan-shaped crest of feathers, a white patch under the eye and a long, slender neck. The male of the species is more vibrantly colourful than the female, with a glistening blue neck and chest, and a spectacular bronze-green tail comprising around 200 elongated feathers.

In 1963, the Indian Peacock was declared the National Bird of India, since it embodies India's rich fauna and is considered sacred in Indian mythology and culture. With its magnificent iridescent blue-green plumage, and attributes such as joy, beauty and grace, the Indian Peacock embodies the vibrant spirit of India.

Department of Posts is delighted to issue Joint Stamp on 75th Anniversary of Diplomatic Relationship between Indian and Mauritius and celebrates the rich and strong bond of the natural alliance between two nations.

## Credits:

| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure | : | Mr. Anuj Kumar |
| Cancellation Cachet | : | Mr. Anuj Kumar |
| Text | : | Referenced from content provided by Ministry of External Affairs |

भारतीय डाक

India Post

डाक विभाग

**DEPARTMENT OF POSTS**

## भारत और मॉरीशस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ

## 75th Anniversary of Diplomatic Relations between India and Mauritius




विवरणिका **BROCHURE**

# भारत और मॉरीशस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ

भारत और मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय संबंध दशकों पुराने हैं। यद्यपि दोनों देशों के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 75 वर्ष पूर्व सन् 1948 में स्थापित हुए, तथापि मॉरीशस में भारतीयों का आगमन 18वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में आरंभ हुआ, जब फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन के तहत भारतीय कारीगरों और राजमिस्त्रियों को मॉरीशस लाया गया।

19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में, लगभग पांच लाख भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों को ब्रिटिश शासित मॉरीशस लाया गया, जिनमें से लगभग दो–तिहाई श्रमिक मॉरीशस में ही बस गए। 2 नवंबर, 1834 को 36 गिरमिटिया श्रमिकों का पहला जत्था मॉरीशस पहुंचा था। इसलिए प्रतिवर्ष 2 नवंबर को 'अप्रवासी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

1901 में महात्मा गांधी ने मॉरीशस का दौरा किया और भारतीय श्रमिकों को खुद को शिक्षित करने और राजनीतिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया। ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान, भारत और मॉरीशस के नेता नियमित संपर्क में रहे। स्वतंत्र भारत ने, सितंबर, 1948 में श्री धरम यश देव को मॉरीशस के पहले भारतीय आयुक्त के रूप में नियुक्त किया। भारतीय राष्ट्रवाद की भावना मॉरीशस के लिए प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुई और 20 वर्ष बाद जब मॉरीशस स्वतंत्र हुआ, तो भारत के राजनयिक प्रतिनिधित्व को एक उच्चायोग के रूप में अपग्रेड कर दिया गया। पिछले 75 वर्षों में, मॉरीशस में भारत के 27 आयुक्त/उच्चायुक्त रहे हैं। भारत और मॉरीशस के इन परस्पर घनिष्ठ संबंधों को चिरस्थायी बनाने के लिए, गांधी जी द्वारा दांडी यात्रा शुरू किए जाने किए जाने की तारीख अर्थात् 12 मार्च को मॉरीशस के स्वतंत्रता दिवस के रूप में चुना गया।

आजादी के बाद से, भारत और मॉरीशस, दोनों, राष्ट्र निर्माण, आर्थिक प्रगति और विकास की अपनी यात्रा में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। मॉरीशस कम आय वाली, एक–फसली अर्थव्यवस्था से निकलकर लोकतंत्र, बहुलवाद और समृद्धि के प्रतीक के रूप में उभरा है। पिछले दशकों में समुद्री सुरक्षा, विकास संबंधी साझेदारी, क्षमता निर्माण, संस्कृति, जनता से जनता के बीच आपसी संपर्क और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समन्वय के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग से दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं।

पूरे मॉरीशस में फैली अनेकों भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं जैसे मेट्रो एक्सप्रेस, सोशल हाउसिंग प्रोजेक्ट, साइबर टॉवर, ईएनटी अस्पताल, नवीन उच्चतम न्यायालय भवन, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, रवींद्रनाथ टैगोर संस्थान, उपाध्याय प्रशिक्षण केंद्र, स्वामी विवेकानंद सम्मेलन केंद्र आदि में भारत और मॉरीशस के बीच प्रगाढ़ संबंधों की स्पष्ट झलक दिखती है। सिविल सेवा कॉलेज, पुलिस अकादमी, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, राष्ट्रीय पुस्तकालय और अभिलेखागार, 8 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना जैसी नई परियोजनाओं के माध्यम से भारत ने मॉरीशस के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान जारी रखा है। मॉरीशस, 'भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग' (आईटीईसी) क्षमता निर्माण कार्यक्रम के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक है। इसके अंतर्गत प्रति वर्ष 365 से अधिक मॉरीशसवासी भारत में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

दोनों देशों के बीच परंपरागत रूप से घनिष्ठ आर्थिक संबंध रहे हैं। मॉरीशस, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है, जबकि भारत, मॉरीशस के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों में से एक है। आर्थिक क्षेत्र में आदान–प्रदान को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोनों देशों ने वर्ष 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए, जो किसी भी अफ्रीकी देश के साथ भारत का इस प्रकार का पहला व्यापारिक समझौता है। इस समझौते के परिणामस्वरूप, मॉरीशस, भारतीय निवेश को आकर्षित करने और अफ्रीका में निवेश हेतु प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करने की विशिष्ट भूमिका निभा रहा है।

भारतीय संगीत, नृत्य और व्यंजन मॉरीशस की संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। मॉरीशस में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा हिंदी बोली जाती है और यहां बॉलीवुड फिल्में भी खूब पसंद की जाती हैं। इंदिरा गांधी भारतीय संस्कृति केंद्र (विदेश में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र) और वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने के लिए मॉरीशस में स्थापित द्विपक्षीय संगठन, विश्व हिंदी सचिवालय द्वारा भारत और मॉरीशस के बीच चिर सांस्कृतिक संबंधों और जनता से जनता के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा दे रहा है। भारत सरकार ने मॉरीशस में भारतीय संस्कृति और भाषा के प्रचार–प्रसार हेतु महात्मा गांधी संस्थान की स्थापना में भी मदद की है। इसके अलावा विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी विज्ञान केंद्र स्थापित किया गया है।

भारत और मॉरिशस के लोगों की पारस्परिक यात्रा से द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं। प्रतिवर्ष कई हजार मॉरीशसवासी पर्यटन, खरीदारी और चिकित्सकीय उपचार के लिए भारत आते हैं। इसी प्रकार, मॉरीशस के खूबसूरत साफ समुद्र तट और लक्जरी रिसॉर्ट्स भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्य स्थल हैं। पिछले वर्ष मॉरीशस के 500 से अधिक छात्रों को भारतीय विश्वविद्यालयों में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके अलावा, मॉरीशस में कई भारतीय शैक्षणिक संस्थान भी संचालित किए जाते हैं। साथ ही, 'भारत को जानो कार्यक्रम' और 'एनसीसी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम' जैसी पहलों के माध्यम से, दोनों देशों की युवा पीढ़ियों के बीच संबंध स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

01 दिसंबर, 2022 से शुरू होने वाली भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान मॉरीशस को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 'अतिथि देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है, जोकि दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ संबंधों को परिलक्षित करता है। मॉरीशस और भारत के बीच आगामी भागीदारी के रूप में कई साझेदारी पहलों और विकास परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इससे आने वाले वर्षों में मॉरीशस और भारत के रिश्ते और मजबूत होंगे। राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जारी किए जाने वाला यह संयुक्त डाक–टिकट इस बात का द्योतक है कि भारत और मॉरीशस के बीच प्रगाढ़ संबंध हैं और यह इशू, इसी अटूट मैत्री का प्रतीक है।

मॉरीशस केस्ट्रेल, फाल्को पंक्टैटस को मॉरीशस गणराज्य की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर 12 मार्च 2022 को मॉरीशस का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया। मॉरीशस केस्ट्रेल, मॉरीशस द्वीप का एक स्थानीय पक्षी है। यह प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर है। यह आमतौर पर मॉरीशस द्वीप के दक्षिण–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिमी क्षेत्रों में उंची चोटियों, बीहड़ों और वृक्षों पर घोंसला बनाती है। केस्ट्रेल के पंख का ऊपरी हिस्सा भूरे रंग का होता है, जिस पर काले धब्बे होते हैं, जबकि नीचे का हिस्सा सफेद रंग का होता है, जिस पर गहरे रंग के धब्बे होते हैं।

वर्ष 1973 में शुरू किए गए 'मॉरीशस केस्ट्रेल रिकवरी प्रोग्राम' के तहत, केस्ट्रेल चूजों को सुनियोजित रूप से पाला गया और फिर उन्हें सफलतापूर्वक मॉरीशस के स्थानिक क्षेत्रों में छोड़ दिया गया। यह कार्यक्रम, किसी पक्षी–विशेष प्रजाति को विलुप्त होने से बचाने के लिए दुनिया की सबसे सफल पहलों में गिना जाता है।

भारतीय मोर, पावो क्रिस्टेटस, हंस के आकार का एक रंग–बिरंगा पक्षी है। इसकी कलगी पंखे के आकार की होती है। इसकी आंख के नीचे सफेद धब्बे होते हैं और गर्दन लंबी तथा पतली होती है। इस प्रजाति का नर, मादा की तुलना में अधिक रंग बिरंगा और खूबसूरत होता है। इसकी गर्दन और सीना चमकदार नीले रंग के होते हैं तथा इसकी पूंछ शानदार स्वर्णिम रंग लिए हरी होती है, जिसमें लगभग 200 लंबे पंख होते हैं।

भारतीय मोर को वर्ष 1963 में भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था। मयूर, भारत के विविध समृद्ध प्राणिजगत का शानदार प्रतीक है और इसे, भारतीय पौराणिक कथाओं और संस्कृति में पवित्र स्थान प्राप्त है। अपने शानदार इंद्रधनुषी नीले–हरे पंखों और अपने उल्लसित भाव, सौंदर्य और गरिमा जैसी विशेषताओं को समेटे हुए भारतीय मोर, भारत की जीवंत भावना को प्रतिबिंबित करता है।

डाक विभाग, दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ एवं सुदृढ़ स्वाभाविक संबंधों को रेखांकित करते हुए भारत और मॉरीशस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर संयुक्त डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।


**आभार :**

| | | |
|---|---|---|
| डाक–टिकट/एफडीसी/विवरणिका | : | श्री अनुज कुमार |
| विरूपण कैशे | : | श्री अनुज कुमार |
| पाठ | : | विदेश मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सामग्री से संदर्भित |


## तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | | |
|---|---|---|
| मूल्यवर्ग | : | 2500 पैसे |
| Denomination | : | 2500 p |
| सोविनियर शीट मूल्य | : | 2500 पैसे |
| Souvenir Sheet Price | : | 2500 p |
| मुद्रित सोविनियर शीट | : | 1.11 लाख |
| Stamps Printed | : | 1.11 Lakh |
| मुद्रण प्रक्रिया | : | वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : | Wet Offset |
| मुद्रक | : | प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : | Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html


©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.


मूल्य ₹ 5.00